डाक पंजीयन क्रमांकः म.प्र./4-474/2024-26

भोपाल
03 नवंबर 2024
रविवार

आज का मौसम
30 अधिकतम
21 न्यूनतम

बेबाक खबर हर दोपहर
# दोपहर मेट्रो




Page-4

## हाट बाजार में नक्सलियों ने जवानों पर किया हमला

**सुकमा, एजेंसी।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित सुकमा जिले के जगरगुंडा साप्ताहिक बाजार में आज नक्सलियों ने सुरक्षा ड्यूटी पर तैनात जवानों पर हमला कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह हमला नक्सलियों की स्मॉल एक्शन टीम द्वारा किया गया है इसमें दो जवान घायल हो गए इनमें एक की हालत गंभीर है। हमले के बाद बाजार में अफरातफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद दहशत में आए स्थानीय लोग बाजार से भागने लगे। नक्सली हमले की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने क्षेत्र में सर्चिंग अभियान तेज कर दिया है। पुलिस ने बताया कि हमले की जांच की जा रही है और हमलावर नक्सलियों की पहचान करने के लिए सुरक्षा बलों द्वारा सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। नक्सली हमले में घायल हुए जवानों के नाम करतम देवा और सोढ़ी कन्ना हैं।



## हिजाब के विरोध में कैंपस में युवती ने कपड़े उतारे



**तेहरान, एजेंसी।** ईरान में महिलाएं लंबे समय से हिजाब का विरोध कर रही हैं मगर अब एक युवती ने अपना विरोध दर्ज कराने के लिए बीच सड़क पर अपने कपड़े उतार दिए। ऑनलाइन वीडियो और मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, देश के सख्त इस्लामिक ड्रेस कोड के विरोध में महिला ने ईरानी विश्वविद्यालय में अपने कपड़े उतारे व कैंपस में टहलने लगी। सोशल मीडिया पर पोस्ट वीडियो में इस्लामिक आजाद यूनिवर्सिटी की एक ब्रांच के सुरक्षा गार्डों को एक अज्ञात महिला को हिरासत में लेते हुए देखा जा रहा है। यूनिवर्सिटी के प्रवक्ता अमीर महजोब ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा, पुलिस स्टेशन में पता चला कि वह गंभीर मानसिक दबाव से पीड़ति थी और उसे कोई मनोविकार भी था।

## अब योगी को मिली धमकी 'बाबा सिद्दीकी की तरह...'



**मुंबई, एजेंसी।** उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाम पर मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम पर धमकी आई है। ट्रैफिक कंट्रोल सेल को अज्ञात नंबर से मैसेज में कहा गया कि अगर योगी ने 10 दिन में इस्तीफा नहीं दिया तो हम उन्हें बाबा सिद्दीकी की तरह मार डालेंगे। यूपी के मुख्यमंत्री के लिए धमकी मिलने के बाद सुरक्षा व्यवस्था अलर्ट पर है। एक ओर मुंबई पुलिस इस कॉल की जांच में जुट गई है और मैसेज भेजने वाले की तलाश कर रही है. वहीं दूसरी ओर इसको लेकर यूपी पुलिस को इसकी डिटेल भेजी गई है। मुंबई पुलिस से इनपुट मिलने के बाद यूपी पुलिस भी इसकी जांच में जुट गई है।

### झारखंड में तेज हुई लड़ाई, मप्र के भी दो चेहरे दांव पर

# हरियाणा की तर्ज पर संघ ने संभाला महाराष्ट्र का मैदान,30 हजार सभाएं

**नई दिल्ली/रांची/ मुंबई, एजेंसी**

महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव के लिये भाजपा ने अपने सारे तोपखाने खोल दिये हैं। पार्टी हर हाल में महायुति गठबंधन को सत्ता में लाने के लिए जुटी है, मोदी-शाह समेत तमाम बडे नेताओं के सघन दौरे सभा शुरू होने वाली हैं, वहीं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने भी हरियाणा विस चुनाव की तर्ज पर संघ ने इस बार महाराष्ट्र में 30 हजार बैठकें करने के लक्ष्य पर काम भी शुरू कर दिया है। यह बैठकें मतदाता जागरूकता के नाम से की जा रही हैं,इन बैठकों का उद्देश्य हालात की थाह लेने और भाजपा के पक्ष में मोडना माना जा रहा है। जानकारों का कहना है कि संघ का नागपुर के आसपास ही नहीं बल्कि महाराष्ट्र के प्रायः सभी हिस्सों में नेटवर्क फैला हुआ है। उसके कई प्रचारक महाराष्ट्र में कैंप कर रहे हैं। झारखंड चुनाव में आज भाजपा ने 'संकल्प पत्र' जारी कर दिया। इसे केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने पेश किया।

दूसरी तरफ झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान जोर पकड़ चुका है। यहां दो चरणों में चुनाव होना है। खास बात यह है कि असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और मप्र के पूर्व सीएम व मौजूदा केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान यहां के चुनाव प्रभारी हैं। वहीं मौजूदा सीएम मोहन यादव भी यहां दौरे कर चुके हैं। झारखंड में भाजपा का मुकाबला कांग्रेस-जेएमएम गठबंधन से है,इसमें राजद भी शामिल हैं। इस बीच एक चुनावी जनसभा में हेमंत सरमा ने सोरेन सरकार पर जमकर निशाना साधते हुए कहा दिया कि जाति के नाम पर हिंदुओं का वोट बांटना और एक विशेष समुदाय का 100 फीसदी वोट लेना कांग्रेस व जेएमएम का उद्देश्य है। हिमंता ने कहा, झारखंड में जो हो रहा है अगर वही जारी रहा तो भविष्य में हिंदुओं की आबादी 50 फीसद हो जाएगी और घुसपैठियों की आबादी भी लगभग इतना हो जाएगी।



### हिमंता बोले 'हल्ला-गुल्ला करके दिखाओ'



हिमंता ने झारखंड में कहा कि असम में कुछ लोगों ने कहा कि हम मदरसा नहीं बंद कर पाएंगे, फिर... मैंने बोला भारत को मुल्ला की जरूरत नहीं है डॉक्टर, इंजीनियर की जरूरत है। उन्होंने बोला हल्ला जाएगा, तो मैंने बोला- ठीक है बेटा एक बार हल्ला करके दिखाओ मैं भी देखता हूँ। इसके बाद मदरसा बंद हो गया, कुछ हल्ला गुल्ला नहीं हुआ. ऐसे ही हुआ था जब राम मंदिर बना था, कहते थे हल्ला हो जाएगा, हुआ क्या? जब हिंदू एक रहता है तो ना कोई हल्ला नहीं होता है। हालांकि इंडिया ब्लाक ने सरमा के बयानों की चुनाव आयोग से शिकायत की है।

## साथियों की मौत के बाद हाथियों की नाराजगी से गांवों में दहशत

### वन राज्यमंत्री के नेतृत्व वाली टीम आज सौपेंगी रिपोर्ट, मृतकों को मुआवजा

**भोपाल.दोपहर मेट्रो**



मप्र के बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 10 हाथियों की मौत के बाद 2 ग्रामीणों की जान चली जाने के बाद इलाके में दहशत है। आसपास के गांवों में तनाव पसरा हुआ है। दूसरी तरफ अधिकारियों का दावा है कि जिन 13 हाथियों का झुंड बीमार हुआ था, उन्हीं में बचे 3 हाथियों में से एक ने हमला किया था। उधर वन राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार व अधिकारियों की टीम रिजर्व में ही रात रूकी थी। आज फिर टीम ने आगे की जांच शुरू कर दी है, मंत्री अहिरवार उन घरों में भी पहुंच रहे हैं जिनके दो सदस्य हाथी के हमले मे मारे गये हैं। इधर सीएम मोहन यादव ने इस हादसे में जान गवाने वाले दोनों मृतकों के परिजन को 8 ङ्क 8 लाख रुपए मुआवजा राशि देने का ऐलान किया है। आज शाम तक जांच टीम लौटकर मुख्यमंत्री को रिपोर्ट दे सकती है। वहीं विभिन्न लैब से जो रिपोर्ट आनी है, उसके लिए इंतजार करना पड़ सकता है। उल्लेखनीय है कि बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में 29 अक्टूबर को सुबह से शाम तक 4 हाथियों की मौत हो गई थी। फिर 6 और मौते हुई इस तरह कुल 10 हाथी मौत के मुंह में समा गए। ये जंगली थे। वन विभाग के अफसरों ने प्राथमिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के हवाले से बताया कि हाथियों ने संभवतः कोदो-कुटकी की फसल अधिक खा ली। उक्त फसल में जब फफूंद लग जाती है तब इसे खाने पर यह नुकसानदेह हो जाती है।

**अफसरों का कुप्रबंधन, कोदो—कुटकी पर सवालः** हालांकि बांधवगढ़ में कुप्रबंधन की यह कोई पहली घटना नहीं है, इसके पूर्व में भी यहां हाथी के शव को जलाया गया। जबकि बाघों की मौत लगातार हो रही है। शिकार की घटनाएं भी सामने आ चुकी है। अब 10 हाथियों की मौत पर अफसरों ने जिस कोदो–कुटकी की फसल में विषाक्तता की ओर संकेत किए हैं, उसने उक्त् फसल पर ही सवाल खड़े कर दिए है। कुछ अफसरों के इस संदिग्ध प्रतीत होने वाले दावे से सरकार की श्रीअन्न प्रोत्साहन योजना भी खटाई में आ सकती है। क्योंकि उक्त फसल की शुद्धता को लेकर चर्चा होने लगी है। ज्ञात हो कि मप्र के आग्रह पर हाल ही में केंद्र ने उक्त फसल को समर्थन मूल्य पर खरीदने की घोषणा की है।

## नया प्रयोगः नेशनल हाइवे पर अब बैंक वसूलेगा टोल टैक्स

**नईदिल्ली. एजेंसी।**




नेशनल हाईवे से गुजरने वाली गाड़ियों से टोल टैक्स लेने की जिम्मेदारी अब बैंकों की होगी। नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया किसी भी नेशनल हाईवे पर गाड़ियों से टोल टैक्स वसूलने के लिए बैंकों की मदद देगा। इसकी शुरुआत हाल ही में खोले गए द्वारका एक्सप्रेसवे से हो रही है। देश के इस पहले मल्टी-लेन फ्री फ्लो (एमएलएफएफ) टोल कलेक्शन अथॉरिटी ने बैंकों से बोलियां मांगी हैं। अधिकतम राजस्व हिस्सेदारी की पेशकश करने वाले बैंकों को टोलिंग अधिकार मिलेंगे। यह अधिकार 3 साल के लिए होगा। कॉन्ट्रैक्ट मिलने के तीन महीने के भीतर सिस्टम को लागू करना होगा। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एमएलएफएफ टोलिंग स्क्रैच पर टोल वसूलने के लिए आम टोल प्लाजा की तरह कोई प्लाजा नहीं होगा। टोलिंग सिस्टम में गैंट्री पर लगे फील्ड उपकरण और सेंसर शामिल होंगे, जो गुजरने वाले वाहनों की जानकारी लेंगे। जो भी गाड़ी वहां से गुजरेगी और टोल की जो भी रकम बनेगी, उसकी जानकारी इलेक्ट्रोनिक टोल पेमेंट सिस्टम को भेज दी जाएगी। यह सिस्टम फास्टैग वॉलेट से टोल की रकम काट लगा। फिलहाल दिल्ली के पास 28 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर दिल्ली-गुड़गांव बॉर्डर पर केवल एक टोलिंग पॉइंट होगा।

## पीएस मुकर्जी को दिल्ली में आवासीय आयुक्त का प्रभार

**भोपाल।** मप्र काडर के प्रमुख सचिव अनिरुद्ध मुकर्जी को मप्र भवन नई दिल्ली में आवासीय आयुक्त की जिम्मेदारी दी गई है। पहले यह पंकज राग के पास थी, जो 31 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो गए। मुकर्जी 1993 बैच के आइएएस हैं। वह पहले से ही नई दिल्ली में विशेष कर्तव्यस्थ अधिकारी हैं। साथ ही लोक परिसंपत्ति प्रबंधन विभाग के प्रमुख सचिव और मप्र राज्य परिसंपत्ति प्रबंधन कंपनी के प्रबंध संचालक है।

## न्यूजीलैंड का क्लीनस्वीप, टीम इंडिया की तीसरी टेस्ट हार



**मुंबई, एजेंसी।** न्यूजीलेंड के खिलाफ टेस्ट मैच में भारत एक आसान विजयी लक्ष्य का पीछा करते हुए लड़खडा गया और लंच के बाद पूरी टीम 121 रन पर ढह गई। हालांकि ऋषभ पंत ने पारी संभालने का प्रयास किया, लेकिन वे लंच के बाद आउट हो गए। पंत ने लगातार दो चौके जमाकर फिफ्टी पूरी की। इससे पहले कप्तान रोहित शर्मा 11 रन, शुभमन गिल एक , विराट कोहली एक रन, यशस्वी जायसवाल 5 , सरफराज खान एक और रवींद्र जडेजा 6 रन बनाकर आउट हुए। एजाज पटेल 4, जबकि मैट हेनरी और ग्लेन फिलिप्स एक-एक विकेट ले चुके हैं। मुंबई में मुकाबले का तीसरा ही दिन है। कीवी टीम ने 171 के स्कोर से दिन की शुरुआत की और महज 3 रन ही बना सकी। रवींद्र जडेजा ने एजाज पटेल को आकाश दीप के हाथों कैच कराया। कल शनिवार को टीम इंडिया ने पहली पारी में 263 रन बनाते हुए 28 रन की बढ़त हासिल की थी। न्यूजीलैंड की टीम ने पहली पारी में 235 रन बनाए थे। वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के क्वालिफिकिशन के लिहाज से भी भारत के लिए मुकाबला महत्वपूर्ण है।

**मेट्रो एंकर**

### 5 को वोटिंग, 6 को नतीजे,अमेरिका के चुनाव पर दुनिया की निगाहें

# ट्रंप की तरफ शिफ्ट हुए भारतवंशी,हैरिस पर बनाई बढ़त

**वाशिंगटन. एजेंसी**

अमेरिका में 5 नवंबर को होने वाले चुनाव पर पूरी दुनिया की नजर है। नाटकीय घटनाक्रमों से भरे इस चुनाव को कई विश्लेषक वैश्विक जगत पर दूरगामी असर डालने वाला मान रहे हैं। अंतिम दौर के प्रचार अभियान में ट्रंप और उनकी प्रतिद्वंदी कमला हैरिस लोगों को अपने पाले में करने के लिए कोई कसर नहीं छोड़ रहे। दोनों ही उम्मीदवार देशवासियों से समर्थन करने और उन्हें व्हाइट हाउस भेजने की भावुक अपील कर रहे हैं। इस बीच चुनाव से ठीक पहले एक बड़ा बदलाव देखने को मिला है, मिशिगन में जो पारंपरिक वोट पहले डेमोक्रेट्स का माना जाता था वो इस बार रिपब्लिकन की तरफ स्विंग हो रहा है। मिशिगन इन चुनावों में एक महत्वपूर्ण राज्य है। यहां अब तक परंपरागत रूप से भारतवंशी, मुसलमान और अफ्रीकी, जो अमेरिकी डेमोक्रेट्स का समर्थन करते रहे हैं, लेकिन ये अब रिपब्लिकन पार्टी के उम्मीदवार डोनाल्ड ट्रंप का समर्थन करनेलगे हैं। यह बदलाव आम चुनावों में बड़ा असर डाल सकता है। दुनिया की ऑटो राजधानी के रूप में, डेट्रायट महानगर मिशिगन की अर्थव्यवस्था में एक अहम स्थान रखता है जो विनिर्माण क्षेत्र में कई नौकरियों का सृजन करता है। यहां बड़ी संख्या में मुस्लिम व भारतीय अमेरिकी समुदाय के लोग भी यहां रहते हैं। ज्ञात हो कि अमेरिका में 5 नवंबर को वोट डाले जायेंगे और अगले दिन मतगणना होगी।

वहीं अमेरिका में चुनाव आयोग के अधिकारी मान रहे हैं कि जिस तरह से अभी से सोशल मीडिया पर प्रोपेगंडा के किससे गढ़े जा रहे हैं,उनके लिए 5 नवंबर को वोटिंग करवाना और उसके बाद सुरक्षित काउंटिंग करवाना बहुत बड़ी चुनौती है। ?मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अमेरिकी के सबसे बड़े ज़िलों में एक काउंटी केप चुनाव मैनेजमेंट के चीफ इनफार्मेशन ऑफिसर नेट यंग ने स्वीकार किया कि 2020 में हुए प्रेसीडेंट चुनाव के बाद हालात बदल गये हैं। पूरे सिस्टम पर गहरे सवाल किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह इसलिए भी अधिक ख़तरनाक और गंभीर है क्योंकि इस बार आरोप लगाने वाले सामान्य लोग या कोई अदना सोशल मीडिया ट्रोल नहीं हैं बल्कि शीर्ष लोग हैं। उनका इशारा रिपब्लिकन कैंडिडेट डोनाल्ड ट्रम्प और सोशल मीडिया कंपनी एक्स के मालिक एलन मस्क की तरफ़ था जो लगातार चुनाव प्रक्रिया पर सवाल उठा रहे हैं।



### अमेरिकी में महत्वपूर्ण हैं 7 स्विंग स्टेट्स

अमेरिका के अधिकांश राज्य ऐसे हैं जहां ऐतिहासिक रूप से डेमोक्रेट पार्टी या रिपब्लिकन पार्टी हावी रहती है, लेकिन सात राज्य एरिजोना, नेवाडा, विस्कॉन्सिन, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, नॉर्थ कैरोलिना ऐसे हैं, जहां के मतदाताओं का मिजाज किसी एक राजनीतिक दल का समर्थन करते तक सीमित नहीं है। इन राज्यों के मतदाता हर चुनाव में अपनी पसंद बदलते रहते हैं यानी उनका मूड स्विंग होता रहता है। इसी कारण इन्हें स्विंग स्टेट्स कहा जाता है। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव की कवरेज करने वाली वेबसाइट के अनुसार, हैरिस को 226 और ट्रंप को 219 इलेक्टोरल वोट मिलने तय हैं। हैरिस को 270 के जादुई आंकड़े तक पहुंचने के लिए 44 अतिरिक्त इलेक्टोरल कॉलेज वोटों की आवश्यकता है।

## सारे रिकार्ड टूटे, दिल्ली में 448 करोड़ की दारू बिकी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिवाली के मौके पर दिल्ली में शराब की बिक्री के सारे रिकॉर्ड टूट गए। दिल्ली सरकार को इस दौरान शराब की बिक्री से मोटी कमाई हुई है। दिवाली से पहले के 15 दिनों में 3.9 करोड़ बोतलें बिकीं, जिससे सरकार को 448 करोड़ रुपये का राजस्व मिला है। खबरों के मुताबिक इस साल, दिल्ली में दिवाली से पहले के पंद्रह दिनों में शराब की बिक्री में भारी इजाफा देखा जा हा था। दिल्ली सरकार की ओर से चल रही 680 दुकानों से 3.9 करोड़ शराब की बोतलें बिकीं हैं, जिनकी कुल कीमत 448 करोड़ रुपये रही। यह आंकड़ा पिछले दो सालों के मुकाबले काफी ज्यादा है। 2022 में दिवाली से पहले 1.9 करोड़ बोतलें बिकी थीं, जिनकी कीमत 324 करोड़ रुपये थी। 2023 में यह आंकड़ा बढ़कर 2.7 करोड़ बोतलें और 433 करोड़ रुपये हो गया था। इस साल 29 अक्टूबर को सबसे ज्यादा 35 लाख बोतलें बिकीं। 30 अक्टूबर को यह आंकड़ा थोड़ा कम होकर 34 लाख रह गया। 31 अक्टूबर को दिवाली का त्योहार था और इस दिन सार्वजनिक छुट्टी होने के साथ ही शराब की बिक्री पर भी बैन था।

### कलेक्टर सोनिया मीना ने किया ध्वजारोहण...

# उमंग एवं उत्साह के साथ मनाया गया मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

■ स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां..



**नर्मदापुरम , दोपहर मेट्रो**

मध्य प्रदेश के 69वें स्थापना दिवस को जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउंड में आयोजित मुख्य समारोह में कलेक्टर नर्मदापुरम सुश्री सोनिया मीना ने ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने कार्यक्रम में राष्ट्रगान और मध्य प्रदेश गान के गायन के साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं, जिसने सभी का मन मोह लिया। ध्वजारोहण के उपरांत सेमेरिटन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के छात्र छात्राओं द्वारा राष्ट्रीय गान का गायन किया गया।

कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी नर्मदापुरम शत्रुंजय सिंह बिसेन के निर्देशन में स्कूली बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। जिसमें सर्वाइट कॉन्वेंट इंग्लिश मीडियम स्कूल नर्मदापुरम के 22 बच्चों के समूह ने सत्य स्वरूप तू देव गीत पर नृत्य प्रस्तुति दी। इसी प्रकार सेमेरिटन स्कूल द्वारा जय हो गीत पर 40 छात्र-छात्राओं के समूह ने मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किया, शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय नर्मदापुरम के 23 छात्रों के समूह ने मध्य प्रदेश की गाथा मारो मध्यप्रदेश गीत पर अपनी नृत्य प्रस्तुति देकर सांस्कृतिक और एकता की भावना को जीवंत कर दिया। शांतिनिकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के 16 छात्रों के समूह ने लोकप्रिय कालबेलिया नृत्य द्वारा उपस्थित नागरिकों का मन मोह लिया। स्प्रिंगडेल सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम की 12 छात्राओं के समूह ने धीम त द रे गीत पर आकर्षक शास्त्रीय नृत्य की प्रस्तुति दी जिसमें भारतीय संस्कृति की झलक देखने को मिली।

सांस्कृतिक कार्यक्रमों के पश्चात सरव्हाइट कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल नर्मदापुरम के बच्चों द्वारा मध्य प्रदेश गान का गायन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दुर्गेश नंदन व्यास एवं श्रीमती आरती शर्मा ने किया।

कलेक्टर ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की..

कार्यक्रम के अंत में कलेक्टर सोनिया मीना एवं पुलिस अधिक्षक सभी बच्चों से मिले उन्होंने सभी बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और उन्हें प्रोत्साहित किया। कलेक्टर एवं एसपी ने कार्यक्रम में नृत्य एवं संगीत की प्रस्तुति देने वाले सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप शील्ड वितरण भी किया तथा सभी बच्चों के साथ ही सामूहिक फोटो भी खिंचवाई।

इस अवसर पर संभागायुक्त नर्मदापुरम संभाग के. जी तिवारी, पुलिस अधीक्षक नर्मदापुरम डॉ गुरकरण सिंह, जिला पंचायत सीईओ एस एस रावत, अपर कलेक्टर देवेंद्र कुमार सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आशुतोष मिश्रा, मध्यप्रदेश तैराकी संघ के अध्यक्ष पीयूष शर्मा सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी, गणमान्य नागरिक, बड़ी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# विधायक शर्मा ने श्रीकृष्ण गौशाला में की गोवर्धन पूजा

**सिरोंज , दोपहर मेट्रो**



लटेरी रोड़ स्थित श्रीकृष्ण गौशाला में गोवर्धन एवं गौ पूजा का आयोजन समारोह पूर्वक किया गया। पूर्व मंत्री स्व.श्री लक्ष्मीकांत शर्मा द्वारा गौशाला की स्थापना से परंपरानुसार प्रतिवर्ष होने वाले इस महोत्सव को इस बार मध्यप्रदेश सरकार के आव्हान पर भव्यता के साथ आयोजित किया गया। मंचीय कार्यक्रम के दौरान विधायक उमाकांत शर्मा ने नगर में गौसेवा के क्षेत्र में काम करने वाले गौसेवकों का सम्मान भी किया।

नगर के सनातन धर्मावलंबियों एवं समाज सेवकों की गरिमामय उपस्थिति में धूमधाम से संपन्न हुए गोवर्धन पूजा उत्सव में श्रीकृष्ण एवं गोवर्धन पर्वत के महत्व पर मुख्य वक्ता के रूप में महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्व विद्यालय के सहायक प्राध्यापक डॉ. शुभम शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने इंद्र शक्ति का अभिमान नष्ट करने के साथ कर्म योग की शिक्षा देने के साथ प्रकृति के संरक्षण करने की प्रेरणा हमें दी है। व्यक्ति कर्म में ही जनम लेता हे और कर्म में ही विलीन हो जाता है अर्थात मानव जीवन के जीवन मरण में जो भी निहित है वह कर्म ही है भगवान भी कर्म का ही साथ देते हैं। उन्होंने गीता में कहा भी हे आप अपनी इक्छा से अकर्मण्य मत बनो और कर्म करते रहो। परमात्मा को जब जिस हिसाब से आपको आपके कर्मों का फ्ल देना है तब वह अवश्य देंगें। गिरिराज के महत्व से अवगत करते हुए उन्होंने कहा कि वास्तव में जो लोग वनों में निवास करते हैं भ्रमण करते हैं वह प्रकृति के अधिक निकट जीवन जीते हैं। वन गौमाता शीत विभिन्न जीव जंतुओं के आश्रय स्थल होते हैं गौचारण गौपालन के अलावा संपूर्ण गौरक्षा में गायों को बीमारी तथा अत्याचारियों से बचाना भी गौयज्ञ की श्रेणी में आता है। अभी समाज का गौयज्ञ अधूरा है व्यक्ति गौ पूजा कर रहे हैं परंतु इसमें समाज की सहभागिता की आवश्यकता है पर्यावरण में सौम्यता सरलता हम गौमाता से सीख सकते हैं भौतिकवादी विकास के साथ हम कैसे प्रकृति का संरक्षण करें इस हेतु भी आज के इस आयोजन का महत्व है। इस अवसर पर श्रीकृष्ण गौशाला के संरक्षक एवं विधायक उमाकांत शर्मा ने कहा कि भगवद प्रेरणा से मुख्यमंत्री मोहन यादव जी ने गोवर्धन पूजन का आयोजन शासन स्तर पर पूरे मध्यप्रदेश में भव्यता से मानने का जो अभूतपूर्व निर्णय लिया इसके प्रति हम कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं। उन्होंने कहा कि गौरक्षा करना सरल है परंतु गौपालन करना बहुत कठिन काम है। एक हजार वर्ष पहले हमारे देश में गौरक्षा की जरूरत नहीं पड़ती थी प्रत्येक परिवार में गौपालन होता था दूध घी की नदियां बहती थी परंतु बाद में बाबर, मुगल, महमूद, गजनवी, औरंगजेब के आने के बाद गोकशी शुरू हुई। गौहत्या के विरोध में इंदिरा गांधी के शासन काल में गोपाष्टमी पर हजारों साधु संतों ने दिल्ली में आंदोलन किया तब उन पर गोलियां बरसाई गई सैकड़ों संत एवं नागरिक मरे गए। इन बलदानियों के त्याग के बाद गौ रक्षा का कानून बना। जिन प्रदेशों में भाजपा की सरकारें बनी तब तब वहां गौहत्या पर प्रतिबंध लगाकर कड़े कानून बनाए गए। विधायक शर्मा ने गाय के चरने की चरनोई भूमि को नष्ट करने के लिए दिग्विजय सिंह को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में सिरोंज लटेरी की सैकड़ों बीघा जमीन जिस पर गौमाता के चरने के लिए घास उगता था वह पट्टे के रूप में बांट दी गई। कार्यक्रम को एसडीएम हर्षल चौधरी एवं भूमिका वक्तव्य समिति के सचिव बागमल ने भी संबोधित किया। आभार नपा सीएमओ रामप्रकाश साहू ने व्यक्त किया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री कृष्ण एवं गौशाला के संस्थापक स्व. लक्ष्मीकांत शर्मा के चित्र पर माल्यार्पण एवं कन्या पूजन के साथ हुआ। समिति के अध्यक्ष संतोष चौरे एवं सदस्य सचिन शर्मा,राजू रिछारिया ने सभी मंचासीन अतिथियों का केसरिया शाल एवं माला पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम के दौरान संगीतमय भजनों का भी आयोजन किया गया था।

# कमेन्डेशन डिस्क व प्रशस्ति-पत्र से सम्मानित होंगे वनकर्मी, 6 नवम्बर को कार्यक्रम

### नर्मदापुरम के वन-रक्षक उपदेश उइके भी होंगे सम्मानित




**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**

मध्यप्रदेश के वनकर्मियों को स्थापना दिवस के अवसर पर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख द्वारा वन क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को मध्यप्रदेश ÷कमेन्डेशन डिस्क'' एवं ÷प्रशस्ति-पत्र'' देकर सम्मानित किया जायेगा। सम्मान समारोह 6 नवम्बर को वन भवन (वन मुख्यालय) तुलसी नगर, भोपाल में दोपहर 12 बजे होगा। अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-द्वद्व) श्रीमती कमलिका मोहन्ता ने बताया कि प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख की ओर से ÷कमेन्डेशन डिस्क'' एवं ÷प्रशस्ति-पत्र'' दिये जाने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष में एक बार 1 नवम्बर स्थापना दिवस के अवसर पर यह पुरस्कार कार्यपालिक अधिकारियों, कर्मचारियों- वन क्षेत्रपाल, उप वन क्षेत्रपाल, वनपाल और वनरक्षक को दिये जाने का प्रावधान है। श्रीमती मोहन्ता ने बताया कि वन मुख्यालय स्तर पर सायटेशन की छानबीन एवं समस्त प्रकरणों की छानबीन के लिये प्रधान मुख्य वन संरक्षक (प्रशासन-द्व) की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। समिति द्वारा समस्त वन वृत्तों से प्राप्त प्रस्तावों का परीक्षण कर वर्ष 2024 के लिये 46 अधिकारी-कर्मचारियों को ÷कमेन्डेशन डिस्क'' एवं ÷प्रशस्ति-पत्र'' दिये जाने की अनुशंसा की गई है। पुरस्कृत होने वाले वनकर्मियों में नर्मदापुरम- हरदा के वन-रक्षक श्री अमित राय, वन-रक्षक श्री अशोक लखोरे, नर्मदापुरम के वन-रक्षक श्री उपदेश उइके हैं।

# गोवर्धन पूजन के बाद किया अन्नकूट का आयोजन

**सिवनी मालवा, दोपहर मेट्रो**



कहते हैं विरासत में मिली धरोहर को हमेशा संजोए रखना चाहिए और ऐसा ही कुछ नजरा क्षेत्र में देखने को मिला जहां परंपरा अनुसार दीपावली के तीसरे दिन गोवर्धन पूजा की गई। आपको बता दें कि गोवर्धन पूजा करने के लिए ग्वाल समाज इकट्ठा होकर गोबर से बनाये गए गोवर्धन की पूजा करते हैं। गोवर्धन को लगने वाले भोग में खीर पूरी, हलवा, पापड़, भजिये, मंगोड़े तमाम प्रकार की मिठाइयां को गोवर्धन में रखी जाती हैं । खास बात तो यह है की गोबर में एक गोला बनाकर दूध को गोबर में डाला जाता है। पूजा करने के दरमियान परंपरा अनुसार गोवर्धन की परिक्रमा कर व गीत गाकर पूजा संपन्न होती हैं। पूजा संपन्न होने के बाद गोवर्धन में रखे हुए पकवानों को लूटने की होड़ मच जाती है जिसमें बच्चों से लेकर बुजुर्ग तक गोबर में रखे हुए पकवानों को उठाते हैं और फिर उन्ही पकवानों को खाते हैं। ऐसा माना जाता है कि गोबर में रखे हुए दूध को पीने से बच्चे व युवा बलवान होते है साथ ही इस दूध को पीने से कई प्रकार के रोग नहीं होते हैं।

बरहाल गोवर्धन की पूजा पूरी तरह से संपन्न होने के बाद छोटे-छोटे बच्चों को गोवर्धन में पटका जाता है कहां तो यह भी जाता है कि बच्चों को गोवर्धन में लेटाने या पटकने से बच्चे स्वस्थ रहते हैं और भगवान गोवर्धन महाराज की कृपा उन बच्चों पर बनी रहती है। बड़ी संख्या में महिलाएं एकत्रित होकर गोवर्धन को बनाती है जिन घरों में गाय, भैंस होती है उन घरों से गोबर लाया जाता है।और फिर उसके बाद परंपरा अनुसार बस्ती में गोवर्धन को महिलाएं बनती है। पौराणिक कथा के अनुसार इंद्रदेव ने अपने कोप से ब्रज में भारी वर्षा करने के बाद बृजवासियों की रक्षा के लिए भगवान कृष्ण ने गोवर्धन पर्वत को अपनी उंगली से उठाकर बृजवासियों की तेज बारिश से रक्षा की थी उसी के उपलक्ष में बृजवासियों ने भगवान को छप्पन भोग लगाये थे उसी समय से अन्नकूट मनाया जाता है। इस दोरान घरो घर गाय के गोबर गोवर्धन को बनाया जाता है और घरों में बने पकवानों से पूजन कर 56 भोग लगाया जाता है ।

अन्नकूट के अवसर पर फुलझड़ी चकरी पटाखों की आतिशबाजी कर भजन एवं कीर्तन भी किया जाता हैं।

## विदिशा में राज्य स्थापना दिवस का आयोजन




**विदिशा।** मध्यप्रदेश राज्य स्थापना दिवस समारोह के तहत आज विदिशा जिला मुख्यालय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया गया था। विधायक सर्वश्री हरि सिंह सप्रे, मुकेश टंडन, कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी ने महात्मा गांधी जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलन और माल्यार्पण कर शुभारंभ किया। पुलिस परेड ग्राउंड पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत राष्ट्रीय गान और मध्यप्रदेश गान से हुई इस अवसर पर स्कूलीय विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए जिसमें महारानी लक्ष्मीबाई कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं ने बुंदेलखंड की बधाई नृत्य कला-ताल बद्ध तरीकों की प्रस्तुतियों को एकटक देखते रहे। इसी प्रकार ट्रिनिटी कान्वेंट स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा मध्य प्रदेश विकास की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को गानों के माध्यम से रेखांकित किया है।

# नपा के रिटायर कर्मचारी ने लगाए सीएमओ पर गंभीर आरोप

**सिवनी मालवा. दोपहर मेट्रो**



आए दिन सिवनी मालवा की नगर पालिका लगातार विवादों की सुर्खियों में बनी रहती है जिसका मुख्य कारण नगर पालिका सीएमओ द्वारा अपनी हिटलर साही चला कर नगर पालिका के कर्मचारीओ को तो परेशानियों का सामना करना पड़ता ही है वही आम जनता भी काफी हद तक परेशान हैं। पहले भी नगर पालिका के ब्राह्मण कर्मचारी से अपने निवास पर मांस मटन बनवाने वाला मुद्दा काफी दिनो तक चला जिससे पूरे कर्मचारी सीएमओ के खिलाफ हो गए थे।

ऐसे कई मुद्दे सामने आ चुके हैं जिसके कारण कलेक्टर ने सीएमओ को यहां से हटा दिया था लेकिन अपने राजनीतिक पैंतरो के कारण सीएमओ सिवनी मालवा से अपनी कुर्सी छोड़ने को तैयार नहीं है। अभी कुछ दिन पहले भी सीएमओ का और सफाई कर्मचारियों का विवाद इतना तूल पकड़ चुका था की सफाई कर्मचारियों ने सफाई करने से मना कर दिया था।

इसी कड़ी में एक मामला और प्रकाश में आया है नगर पालिका के रिटायर कर्मचारी संजय दास ने अपनी शिकायत में नगर पालिका सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाए हैं उन्होंने बताया की में ड्राइवर के पद पर नगर पालिका कर्मचारी था डेढ़ साल पहले रिटायर हो गया हु लेकिन अभी तक मेरा रिटायर मेंट का पैसा नहीं मिला है मैं कई बार सीएमओ शीतल भलावी से मिलने पहुचा लेकिन उन्होंने मेरी एक नहीं सुनी मैंने नर्मदापुरम जिले की जनसुनवाई में कलेक्टर से भी शिकायत दर्ज कराई एवं सीएम हेल्पलाइन 181पर भी शिकायत दर्ज कराई लेकिन कोई सुनवाई आज तक नहीं हुई। संजय दास ने बताया कि मुझे पैसे कि बहुत जरूरत है मेरी पत्नी के दोनों घुटनों में दर्द रहता है उस का अपरेशन होना है लेकिन नगर पालिका के चक्कर लगा लगा कर परेशान हो गया हूं मुझे सीएमओ शीतल भलावी मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रही हैं। जब हमने इस पूरे मामले में सीएमओ शीतल भल्लाभी से जानकारी लेना चाहि तो उन्होंने फोन नहीं उठाया इससे आप अंदाजा लगा लीजिए कि जब पत्रकारों के फोन मैडम जी नहीं उठाती हैं तो एक आम आदमी का फोन क्या उठाती होगी।

**मेट्रो एंकर** कलेक्टर ने नर्मदापुरम के आर्ष गुरुकुल में स्थित गौशाला पहुंच कर की गौ सेवा..

# गुरुकुल को नर्मदापुरम पर्यटन सर्किट से जोड़ा जाएगा : कलेक्टर

**नर्मदापुरम, दोपहर मेट्रो**



शनिवार को गोवर्धन पूजन के अवसर पर कलेक्टर सोनिया मीना ने नर्मदापुरम के आर्ष गुरुकुल में स्थित गौशाला पहुंच कर गौ सेवा की। उन्होंने वहां पर गायों की पूजन कर उनको हरी घास, गुड़ एवं पशु आहार खिलाया। इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सोजान सिंह रावत, अनुविभागीय अधिकारी नर्मदापुरम श्रीमती नीता कोरी, सिटी मजिस्ट्रेट बृजेंद्र रावत सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कलेक्टर ने संपूर्ण गौशाला का भ्रमण कर गायों की पूजन की उनको हरा चारा, गुड़ तथा पशु आहार खिलाया। उन्होंने कहा कि यह गुरुकुल शिक्षार्जन के साथ साथ, गौ सेवा, धार्मिक दृष्टिकोण एवं प्राकृतिक लालित्य के मिश्रण का एक अनूठा संगम है, जहां पर भारतीय संस्कृति एवं धार्मिक छटा का अविस्मरणीय अनुभव होता है। इस अवसर पर कलेक्टर ने कहा कि गुरुकुल को नर्मदापुरम के पर्यटन सर्किट से भी जोड़ा जाएगा। जिससे नर्मदापुरम में आने वाले पर्यटकों को भी यहां पहुंचकर हमारी संस्कृति, पशु प्रेम आदि की जानकारी प्राप्त हो सके तथा वे सभी भी इस क्षेत्र की अद्भुत शांति का अनुभव कर सकें। कलेक्टर सुश्री मीना ने कहा कि शासन की भी यही प्राथमिकता है कि गौ रक्षा की दिशा में विशेष प्रयत्न किए जाएं।

जिला कलेक्टर को अपने बीच पाकर वहां पर अध्यनरत छात्र भी काफी उत्साहित हुए एवं कलेक्टर के गुरुकुल आगमन पर उन्होंने कलेक्टर का स्वागत एवं विदा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया। गुरुकुल पहुंचने पर कलेक्टर ने वहां स्थित गौशाला में उपलब्ध गायों की संख्या एवं गुरुकुल के विद्यार्थियों के दैनिक क्रियाकलापों एवं विद्यार्थियों की शिक्षा पद्धति के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने विद्यार्थियों से भी चर्चा की।

गुरुकुल के संचालक एवं महंत आचार्य जगत देव नैष्ठिक द्वारा जानकारी दी गई है कि यह गुरुकुल लगभग 113 वर्ष पुराना है। गुरुकुल में स्थित गौशाला में अनुमानित 121 गायों की सेवा की जाती है जिनमें कुछ निराश्रित गोवंश भी है। उन्होंने गुरुकुल के विद्यार्थियों की विद्यालयीन दिनचर्या से भी कलेक्टर को अवगत कराया। उन्होंने बताया कि गुरुकुल के प्रत्येक विद्यार्थी प्रतिदिन प्रातः 4ः00 बजे से उठकर अपने दिन की शुरुआत करते हैं।

प्रतिदिन पूजन करने के उपरांत पढ़ाई एवं स्वाध्याय पाठ किया जाता है। गुरुकुल के संचालक द्वारा कलेक्टर को दिसंबर में होने वाले वार्षिक उत्सव कार्यक्रम के लिए भी आमंत्रित किया गया।



# सर्द मौसम का खानपान ऊर्जा देने वाला हो

Life&Style

## अपनी इम्यूनिटी को कमजोर न होने दें

*मौसमी दुष्प्रभावों से बचने के लिए सर्दियों के मौसम में कई प्रकार की मौसमी बीमारियों और ठंड के कारण होने वाले दुष्प्रभावों से बचने के लिए दूध में कुछ औषधियों को मिलाकर इसका सेवन करना सेहत के लिए फायदेमंद होता है। ये औषधियां रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने व शरीर को स्वस्थ रखने में भी लाभकारी हैं।*

सर्दी का मौसम दस्तक दे चुका है। सर्दियों में ऐसा भोजन करना चाहिए, जो गर्म होने के साथ-साथ हैल्दी भी हो। आहार विशेषज्ञ के अनुसार जो भी हम खाना खाते हैं वो पौष्टिक होना चाहिए ताकि स्वस्थ रहते हुए मौसम का मजा लिया जा सके। सर्दियों में शरीर की इम्यूनिटी कमजोर पड़ने लगती है, ऐसे में सर्दियों की छोटी-छोटी समस्याओं से बचने के लिए इम्यूनिटी का मजबूत होना बहुत जरूरी होता है, और इसके लिए हैल्दी खाना बहुत आवश्यक है।

**अपनी** डाइट में इन खास अनाज का सेवन अवश्य करें। सर्दियों की डाइट में मक्का, बाजरा, ज्वार, रागी और कोदो आदि मोटे अनाज को जरूर शामिल करना चाहिए। इनसे रोटी के अलावा अन्य खाद्य पदार्थ जैसे दलिया, खिचड़ी और डोसा-इडली आदि भी बनाए जा सकते हैं।

**इस** मौसम में लोग गर्म तासीर वाली दालें खाना पसंद करते हैं। दालों में अरहर, मूंग, उड़द, मसूर की दाल और चना दाल व राजमा फायदेमंद होते हैं। इनके अलावा पहाड़ी दाल भी फायदेमंद है।

**सर्दी** में दूध में हल्दी मिलाकर सेवन करें। हल्दी रोगाणुरोधी और एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों के लिए जानी जाती है। सोने से पहले दूध में सूखे मेवे मिलाकर पीने से जहां अच्छी नींद आती है।

### धोनी आईपीएल के अगले सीजन में भी खेल सकते हैं, कहा-

# इस खेल को कुछ साल और इंजॉय करना चाहता हूं...

**नईदिल्ली. एजेंसी**

पूर्व भारतीय कप्तान एमएस धोनी आईपीएल के अगले सीजन में खेलते नजर आ सकते हैं। सीएसके को 5 टाइटल जिताने वाले कप्तान ने गोवा में एक सॉफ्टवेयर कंपनी के प्रमोशनल इवेंट के दौरान भारतीय लीग का अगला सीजन खेलने के संकेत दिए। 43 साल के धोनी ने कहा- बचपन में हम शाम 4 बजे खेलने के लिए बाहर जाते थे और खेल का आनंद लेते थे, लेकिन जब आप प्रोफेशनल स्पोर्ट खेल रहे होते हैं, तो क्रिकेट को एक खेल के तौर पर इंजॉय करना कठिन हो जाता है। और मैं यही करना चाहता हूं, लेकिन यह कठिन नहीं है। इमोशन होंगे, पर वहां कमेंटमेंट भी होगा। मैं इस खेल को कुछ साल और इंजॉय करना चाहता हूं। उन्होंने कहा- मुझे खुद को 9 महीने तक फिट रखना



पड़ता है, ताकि ढाई महीने आईपीएल खेल सकूं। इसके लिए प्लान करना जरूरी होता है। साथ ही थोड़े समय शांत भी रहना होता है। धोनी को उस कंपनी का ब्रांड एंबेस्डर बनाया गया है। वे कुछ दिन पहले झारखंड चुनाव के भी ब्रांड एंबेस्डर भी बनाए गए थे। अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में रिटेन कर सकती है सीएसके धोनी अनकैप्ड खिलाड़ी के रूप में आईपीएल खेल सकते हैं। सीएसके के पास उन्हें अनकैप्ड प्लेयर के रूप में 4 करोड़ रुपए में रिटेन करने का विकल्प है। पिछले सीजन में छोड़ी थी कप्तानी, गायकवाड को जिम्मेदारी सौंपी एमएस धोनी ने आईपीएल से ठीक पहले सीएसके की कप्तानी छोड़ दी थी। उन्होंने टीम को लीड करने की जिम्मेदारी युवा ऋतुराज गायकवाड को सौंपी थी। हालांकि, गायकवाड की कप्तानी में सीएसके की टीम प्लेऑफ में जगह नहीं बना सकी थी। टीम को आखिरी लीग मुकाबले में आरसीबी ने हराते हुए बाहर का रास्ता दिखाया था। पिछले सीजन में 224 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए धोनी ने आईपीएल के पिछले सीजन में 11 मैच खेले थे। उन्होंने 224.48 के स्ट्राइक रेट से 110 रन बनाए थे। उनका बेस्ट नाबाद 37 रन रहा।



सेंट लुसिया किंग ने 2024 सीपीएल की ट्रॉफी अपने नाम की थी।

### क्रिकेट वेस्टइंडीज ने लॉन्च की ग्लोबल टी-20 लीग

# पाकिस्तान, इंग्लैंड और ऑस्ट्रेलिया की टीमें भी खेलेंगी, 26 नवंबर से शुरुआत


**गयाना. एजेंसी**

क्रिकेट वेस्टइंडीज नई टी-20 लीग शुरू करने जा रहा है। ग्लोबल सुपर लीग नाम के इस टूर्नामेंट में अलग-अलग देशों की पांच टीमें हिस्सा लेंगी। इसका आयोजन 26 नवंबर से 7 दिसंबर तक गयाना में होगा। चैंपियंस लीग की तर्ज पर शुरू हो रहे टूर्नामेंट में गयाना अमेजन वॉरियर्स, लाहौर कलंदर्स, हैम्पशायर हॉक्स (टी20 ब्लास्ट), रंगपुर राइडर्स और विक्टोरिया (ऑस्ट्रेलिया स्टेट टीम) शामिल होंगी। पहला मैच 26 नवंबर को कैरेबियन प्रीमियर लीग की टीम गयाना अमेजन वॉरियर्स और पाकिस्तान सुपर लीग की टीम लाहौर कलंदर्स के बीच होगा। कैरेबियन प्रीमियर लीग 2024 का फाइनल गयाना अमेजन वारियर्स और सेंट लुसिया किंग्स के बीच खेला गया था। टॉप-2 टीम के बीच फाइनल होगा इस लीग के पहले सीजन में एक रिपोर्ट के मुताबिक 5 टीम आपस में एक दूसरे से मुकाबला करेंगी यानी टीमें ग्रुप स्टेज पर 4-4 मैच खेलेंगी। टॉप-2 टीम के बीच फाइनल होगा। जिसमें टूर्नामेंट में कुल 11 मुकाबले 11 दिनों में खेले जाएंगे। फाइनल मैच 7 दिसंबर को खेला जाएगा। बड़े प्लेयर्स का खेलना मुश्किल ग्लोबल लीग की शुरुआत ऐसे समय में हो रही है, जब इंटरनेशनल क्रिकेट में कई देश द्विपक्षीय सीरीज खेल रहे हैं। इसी बीच अबू धाबी में टी10 लीग का भी सीजन 21 नवंबर से 2 दिसंबर तक खेला जाना है। ऐसे में ग्लोबल सुपर लीग के पहले सीजन में कई बड़े नाम अपनी-अपनी टीमों से खेलते हुए दिखाई नहीं देंगे। इसमें वेस्टइंडीज के प्लेयर्स भी शामिल हैं क्योंकि विंडीज टीम को अपने घर पर 22 नवंबर से बांग्लादेश के खिलाफ 2 मैचों की टेस्ट, 3 मैचों की वनडे और इतने ही मैच की टी-20 सीरीज भी खेलनी है।

## सबालेंका फिर बनीं नंबर-1 खिलाड़ी

**लंदन. एजेंसी**

यूएस ओपन चैंपियन बेलारूसी खिलाड़ी आर्यना सबालेंका दुनिया की नंबर एक महिला टेनिस खिलाड़ी बन गई हैं। उन्होंने पोलैंड की स्टार खिलाड़ी इगा स्विटेक की बादशाहत खत्म की, जो 11 महीने से शीर्ष पर कायम थी। तीन बार की ग्रैंड स्लेम चैंपियन 26 वर्षीय सबालेंका करियर में दूसरी बार इस मुकाम तक पहुंची हैं। इससे पहले, वह 2023 सितंबर और नवंबर के बीच आठ सप्ताह तक नंबर एक स्थान पर रही थीं।



## जूनियर फुटबॉल: भारत ने ब्रुनेई को दी 13-0 से करारी मात

**चोनबुरी (थाइलैंड) . एजेंसी**

भारत की अंडर-17 पुरुष फुटबॉल टीम ने बुधवार को एशियन कप क्वालीफायर में धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए ब्रुनेई को 13-0 से करारी शिकस्त दी। भारतीय टीम टूर्नामेंट में अब तुर्कमेनिस्तान और मेजबान थाइलैंड के खिलाफ खेलने के लिए उतरेगी। इससे पहले, ब्रुनेई के खिलाफ भारत की ओर से विशाल यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन गोल दागे और हैट्रिक लगाई। पूरे मैच में भारतीय टीम का दबदबा रहा और शुरुआत से आक्रमण किया।

**मनोरंजन** | **बॉलीवुड का कोना**

## मल्लिका बोलीं- फिल्म मर्डर के बाद एक्टर कहते थे- रात में मिलो

एक्ट्रेस मल्लिका शेरावत की इमेज एक बोल्ड अभिनेत्री की रही है। उनकी इस इमेज की वजह से बड़े स्टार कॉल करके रात में मिलने के लिए बुलाते थे। उन्हें लगता था कि पर्दे पर इतना बोल्ड सीन करती हैं, तो उनके साथ क्या दिक्कत होगी? एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू के दौरान बताया था कि दुबई में एक फिल्म की शूटिंग के दौरान हीरो ने आधी रात को दरवाजा खुलवाने की कोशिश थी। कॉम्प्रोमाइज न करने की वजह से 20-30 फिल्में गंवानी पड़ीं। फिल्म 'डर्टी पॉलिटिक्स' के पोस्टर को लेकर मल्लिका शेरावत विवादों में रही हैं। फिल्म 'मर्डर' के बाद शर्मिंदगी का सामना करना पड़ा था फिल्म 'ख्वाहिश' के बाद मल्लिका शेरावत की चर्चा महेश भट्ट की फिल्म 'मर्डर' को लेकर खूब हुई। मल्लिका शेरावत ने एक दूसरे इंटरव्यू में कहा- यह सच है कि जब तक आप कॉम्प्रोमाइज नहीं करेंगे, काम नहीं मिलेगा। ब? स्टार्स मुझे कॉल करके बोलते थे कि रात में मिलो। मैं पूछती थी कि रात में क्यों? वो कहते थे कि स्क्रीन पर बोल्ड रोल कर लेती हो तो मुझसे रात में मिलने में क्या प्रॉब्लम है?



## 'भूल भुलैया 3' में नजर आ सकते हैं अक्षय कुमार, अनीस बज्मी ने किया इशारा...

'भूल भुलैया 3' को लेकर निर्देशक अनीस बज्मी ने अक्षय कुमार के फिल्म में कैमियो को लेकर कुछ बातें कही हैं। उन्होंने कहा कि अगर फिल्म में उनकी जरूरत हो तो मैं उनको हक से कह सकता हूं। भूल भुलैया 3 जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। प्रशंसकों को फिल्म में अक्षय कुमार का किरदार बहुत पसंद आया था। 'भूल भुलैया 3' में अभिनेत्री विद्या बालन नजर आ रही हैं। उनके साथ में माधुरी दीक्षित भी नजर आ रही हैं। इन फिल्मों में अनीस और अक्षय साथ में नजर आ सकते हैं, इसको लेकर बात हो रही है। अनीस और अक्षय इससे पहले भी भूल भुलैया और हेरा फेरी में साथ काम कर चुके हैं। एक इंटरव्यू में अनीस ने कहा, मैं कहा उनके पास कभी भी जा सकता हूं। उनसे बात करने से पहले मुझे सोचना भी नहीं पड़ सकता है।



### ट्विंकल के साथ फोटो कराने से डिंपल का इनकार

## बोलीं- मैं जूनियर्स के साथ पोज नहीं देती...

अभिनेत्री डिंपल कपाड़िया की अगली फिल्म 'गो नोनी गो' है। 'मामी मुंबई फिल्म फेस्टिवल' में 'गो नोनी गो' फिल्म का प्रीमियर हुआ। प्रीमियर के दौरान फिल्म की पूरी कास्ट मौजूद रही। डिंपल अपनी बिटिया ट्विंकल खन्ना और दामाद अक्षय कुमार के साथ प्रीमियर में पहुंचीं। इस दौरान पैपराजी ने डिंपल कपाड़िया से बेटी के साथ पोज देने को कहा, जिस पर डिंपल ने साफ इनकार कर दिया। उन्होंने ट्विंकल को 'जूनियर' बताकर पोज देने से मना कर दिया। सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहा है, जो विरल भियानी के इंस्टाग्राम अकाउंट पर जारी किया गया है। इसमें देखा जा सकता है कि पैपराजी डिंपल से बेटी ट्विंकल के साथ पोज देने के लिए कहते हैं। इस पर दिग्गज अभिनेत्री ने कहा, नहीं! मैं जूनियर्स के साथ पोज नहीं देती। ये कहती हुई डिंपल वहां से चली गईं। वीडियो में डिंपल के पीछे ट्विंकल खन्ना नजर आ रही हैं। डिंपल कपाड़िया के इस तरह इनकार करने पर यूजर्स अलग-अलग प्रतिक्रिया दे रहे हैं। कुछ यूजर्स तो उनकी तुलना जया बच्चन से कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, जूनियर्स के साथ खड़े होकर वे बुजुर्ग नहीं दिखना चाहतीं। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा, हर कोई जया बच्चन की तरह बन रहा है। एक यूजर ने लिखा, डिंपल आज भी कितनी खूबसूरत लगती हैं। फिल्म गो नोनी गो को ट्विंकल खन्ना बना रही हैं और इस फिल्म को लिखा भी उन्होंने है। इस फिल्म में डिंपल कपाड़िया ने मुख्य भूमिका निभाई है। यह फिल्म एक रोमांटिक कॉमेडी ड्रामा है। यह फिल्म ट्विंकल खन्ना की लघु कहानी 'सलाम नोनी अप्पा' से रूपांतरित है और रूढ़ियों को तोड़ने और जीवन को पूरी तरह से जीने पर एक हल्की-फुल्की टिप्पणी के रूप में कार्य करती है। 'गो नोनी गो' की कहानी एक ऐसी महिला के इर्द-गिर्द घूमती है जो अपने पचास की उम्र में पहुंच चुकी है। जिसकी साथी केवल उसकी बहन है। कहानी में जब एक योग शिक्षक की एंट्री होती है तब यह एक अप्रत्याशित रोमांस को जन्म देता है, जो सामाजिक मानदंडों को चुनौती देता है।





## काजोल बोली- अभिनय से ब्रेक लेने का फैसला मेरा अपना...



*बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल बॉलीवुड की सबसे पसंदीदा अभिनेत्रियों में से एक हैं। काजोल ने अपने शानदार फिल्मी करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। हालांकि, उन्होंने अपने परिवार और बच्चों को अभिनय से ज्यादा प्राथमिकता दी, जिसकी वजब से उन्हें कई बार अभिनय से दूर लंबे ब्रेक भी लिए हैं। एक इंटरव्यू के दौरान काजोल ने अभिनय से ब्रेक लेने के बारे में खुलकर बात की और खुद को सबसे कम काम करने वाली अभिनेत्री बताया। काजोल ने कहा, मुझे अभिनय विरासत में नहीं मिली। यह हर महिला का काम है। नरगिस, शर्मिला टैगोर की कोई विरासत नहीं थी। मैं आज जो कुछ भी हूं, वह मेरे वंश की वजह से नहीं है। यह हर उस महिला की विरासत है, जिसने काम किया है। हर महिला को यह फैसला लेना होता है कि अब मैं ब्रेक लूंगी और अगर मैं वापस आना चाहती हूं तो मैं वापस आऊंगी और अगर वह चाहेगी तो ऐसा कर पाएगी।*

***कम काम करने वाली अभिनेत्री में से हूं:*** *मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, एक इंटरव्यू के दौरान काजोल ने कहा, अगर आप मेरी फिल्मोग्राफी देखें, तो मैं शायद सबसे कम काम करने वाली अभिनेत्री में से हूं। मेरी मां (दिग्गज अभिनेत्री तनुजा) और दादी (दिवंगत निर्देशक और अभिनेत्री शोभना समर्थ) ने हमेशा मुझसे कहा कि काम आपके जीवन का एक हिस्सा है, न कि आपका पूरा जीवन। मैंने ब्रेक लिया। मैं शादी करना चाहती थी और बच्चे पैदा करना चाहती थी। शुक्र है कि मैं अभी भी काम कर रही हूं और मैं अभी भी बेहद खुश हूं। काजोल ने मजाकिया अंदाज में कहा, मैं अब तक अच्छा अनुभव रखने के लिए सभी की आभारी हूं।*

## गोवर्धन पूजा



भोपाल, दोपहर मेट्रो। छोला दशहरा मैदान में तेजस जनकल्याण समिति के तत्वाधान में गोवर्धन पूजा हुई। समिति के अध्यक्ष प्रवीण गुप्ता और सचिव वरुण गुप्ता ने बताया कि 15 फीट के गिर्राज जी की परिक्रमा लोगों ने पूजा कर की। वहीं राजधानी के अन्य हिस्सों में भी यादव समाज के लोगों ने गोवर्धन पूजन की। – फोटो निर्मल व्यास



## भाई दूज



भोपाल, दोपहर मेट्रो। भाई दूज के शुभ अवसर पर सफाई मित्रों को महापौर मालती राय ने टीका लगाकर सम्मान किया। साथ ही सफाई मित्रों से अपील की भोपाल को स्वस्थ बनाने में अग्रणी रहे। वहीं 1100 क्वार्टर चित्रगुप्त मंदिर में कलम दाबाद की पूजा व भाई दूज की पूजा हुई।

### एक ने पत्नी के जाने से दुखी होकर, दूसरे ने प्रेम प्रसंग में असफल होने पर दी जान

# ईंटखेड़ी में दो युवकों ने फांसी लगाकर कर ली आत्महत्या

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित परेवाखेड़ा में एक मजदूर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह शराब पीने का आदी था और शराब की लत के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर किसी अन्य युवक के साथ चली गई थी। इसी थाना क्षेत्र स्थित सूर्या विहार कॉलोनी में ऑटो चालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है।

पुलिस के अनुसार अमान मीणा पिता कैलाश मीणा (38) गांव परेवाखेड़ा में रहता था और मजदूरी करता था। वह शराब पीने का आदी था। उसकी शराब की लत के कारण उसकी पत्नी उसे छोड़कर किसी अन्य युवक के साथ चली गईड़थी। इस बात से अमान सिंह मीणा दुखी रहने लगा था। शनिवार सुबह अमान सिंह की लाश रिश्तेदार कृपाल सिंह ने उसके घर पर फांसी के फंदे पर लटकी देखी थी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी। सूचना पहुंची पुलिस ने लाश बरामद कर पीएम के बाद परिजन को सौंप दी है।



### ऑटो चालक ने लगाई फांसी

इसी थाना क्षेत्र स्थित सूर्या विहार कॉलोनी निवासी अंतिम शर्मा ने फांसी लगा ली। मूलतः सलामतपुर निवासी अंतिम शर्मा पिता मनोहर शर्मा (24) पेशे से आटो चालक था और करीब दो महीने से यहां अकेले रह रहा था। 1 नवंबर की रात उसे मां ने कॉल कर सलामतपुर बुलाया था। इस दौरान उसने मां से कहा था कि उसकी मूड ठीक नहीं है और टेंशन में है। अगले ही दिन 2 अक्टूबर की शाम पड़ोस में रहने वाले परिचित ने अंतिम शर्मा की लाश फांसी के फंदे पर लटकी देख। पड़ोसी की सूचना पर पहुंचे परिजन ने किसी तरह दरवाजा खोला और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अंतिम का शव पीएम के लिए मर्चूरी में रखवा दिया है। आज रविवार को उसका पीएम कराया जाएगा। पुलिस का कहना है कि प्रारंभिक जांच में मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा नजर आ रहा है।

# व्यापारी की 5 लाख की टाइल्स लेकर ट्रक चालक फरार, अमानत में खयानत का केस

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

कोहेफिजा थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कारोबारी की पांच लाख की टाइल्स लेकर ट्रक चालक फरार हो गया। दरअसल, 25 अक्टूबर को ट्रक में टाइल्स लादी गई थी और 28 अक्टूबर को उसे गोवा पहुंचना था। आरोपी ट्रक चालक टाइल्स लेकर गोवा न जाते हुए राजस्थान अपने क्षेत्र में पहुंच गया। पुलिस ने कारोबारी की शिकायत पर ट्रक चालक पर मामला दर्ज कर लिया है। उसकी तलाश में एक टीम राजस्थान भेजी गई है।

पुलिस के अनुसार ईदगाह हिल्स निवासी 27 साल के हर्ष चोटवानी की इंद्र विहार कॉलोनी में दुकान हैं। उन्हें गोवा के एक व्यापारी ने टाइल्स का आर्डर दिया था। हर्ष ने ट्रांस्पोर्टर की मदद से गत 25 अक्टूबर को टाइल्स राजस्थान के एक ट्रक में लोड कराई। 28 अक्टूबर को टाइल्स गोवा पहुंचनी थी। टाइल्स नहीं पहुंची तो गोवा के व्यापारी ने हर्ष से संपर्क किया। हर्ष ने बताया कि ट्रक 25 अक्टूबर को ही निकल गया था। हर्ष ने ट्रक चालक दयालाल से संपर्क करना चाहा तो उसका मोबाइल बंद हो चुका था। इसके बाद पुलिस को शिकायत की गई। पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अमानत में खयानत का मामला दर्ज कर लिया। पुलिस की एक टीम राजस्थान भेजी गई है। गबन की गई टाइल्स की कीमत 5 लाख रुपए है।



# डिपो चौराहे का नाम 'कलम दवात' करने की मांग

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

यम द्वितीया महोत्सव पर कायस्थम भोपाल ने चित्रगुप्त समाज के जवाहर चौक स्थित भगवान श्री चित्रगुप्त मंदिर एवं भवन के प्रति कायस्थजनों की आस्था एवं विश्वास को देखते हुए मुख्यमंत्री श्री डॉ. मोहन यादव से जवाहर चौक से लेकर डिपो चौराहे तक के मार्ग का नाम ÷श्री चित्रगुप्त मार्ग÷ रखने की मांग की है। कायस्थम भोपाल ने डिपो चौराहे का नाम भी इंदौर की तरह ÷कलम दवात चौराहा÷ रखने का अनुरोध कर इसकी घोषणा करने की मांग मुख्यमंत्री मोहन यादव से की है। कायस्थम के प्रलय श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, मुकुल अस्थाना, सुरेश श्रीवास्तव, सुधीर निगम, अजय भटनागर, रश्मि सक्सेना ने बताया कि भोपाल में कायस्थ समाज का अपना प्रभुत्व है। कायस्थ समाज ने राष्ट्र और मध्य प्रदेश को एक से एक प्रतिभाशाली, मेधावी व्यक्तित्व दिए हैं। जवाहर चौक स्थित श्री चित्रगुप्त भवन एवं मंदिर कायस्थजनों की आस्था का प्रमुख केंद्र वर्षों से बना हुआ है। इसी आस्था एवं विश्वास को देखते हुए जवाहर चौक से लेकर डिपो चौराहे तक मार्ग का नामकरण श्री चित्रगुप्त जी के नाम से करने का अनुरोध किया गया है। चूंकि राज्य परिवहन निगम समाप्त हो चुका है और उसकी बसों का संचालन भी बंद हो चुका है। अतः डिपो चौराहे का नाम बदलकर उसे श्री चित्रगुप्त चौराहा अथवा कलम दवात चौराहा घोषित करने का अनुरोध भी राज्य शासन से किया गया है। प्रलय श्रीवास्तव ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में अनेक महत्वपूर्ण स्थलों अथवा चौराहों का नामकरण विभिन्न समाजों के नाम से है। इंदौर में भी कलम दवात चौराहा है।

# टायलेट क्लीनर पीने से बुजुर्ग महिला की मौत

**भोपाल।** पिपलानी स्थित न्यू शिव नगर आनंद नगर में बुजुर्ग महिला की टायलेट क्लीनर पीने से मौत हो गई। शनिवार दोपहर उल्टियां करने पर परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे थे, वहां शाम को उनकी मौत हा गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार अनार बाई पति गंगाराम (70) मकान नंबर 521, न्यू शिव नगर, आनंद नगर में रहती थी। अनार बाई के परिजन ने बताया कि शनिवार दोपहर उन्होंने टायलेट क्लीनर पी लिया था। उल्टियां करने पर वे अनार बाई को हमीदिया अस्पताल लेकर पहुंचे, वहां शाम को इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। परिजन ने बताया कि पानी की बोतल समझकर उन्होंने गलती से टायलेट क्लीनर पीया है।

# दीवाली पर जुआरियों की फड़ पर छापा

## जुए की फड़ों पर बजरिया पुलिस ने मारा छापा

**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

दीवाली में जमी जुए की फड़ों पर अलग-अलग थाना पुलिस द्वारा छापामार कार्रवाई की गई। पुलिस जुआरियों के खिलाफ जुआ एक्ट की धाराओं में कार्रवाई कर रही है। बजरिया पुलिस के अनुसार इलाका भ्रमण के दौरान सूचना मिली कि विजय नगर चांदबड़ के पास कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना के बाद पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो जुआरियों ने भागने का प्रयास किया, जिन्हें घेराबंद कर दबोच लिया गया। पूछताछ पर जुआरियों ने अपने नाम हुकुमचंद वर्मा, चेतराम वर्मा, दिनेश कुमार बाथम, आकाश शाक्या, राजू उर्फ बसंता रैकवार और विनय अहिरवार बताए। आरोपियों के कब्जे से 3570 रुपए नकद और ताश पत्ते जब्त किए गए।



इसी प्रकार करारिया फार्म स्थित रेलवे कोच फैक्ट्री के पास जुआ खेल रहे भवानी प्रसाद, प्रभाकर रिछारिया तथा दिनेश कुमार से 1780 रुपए नकद और ताश पत्ते जब्त किए गए हैं। इधर जहांगीराबाद पुलिस ने जुआ खेल रहे सूरज, गोपाल, स्वदेश, विवेक, नरेश और दिनेश को पकड़कर 985 रुपए, कमला नगर पुलिस ने जुआ खेल रहे शैलेंद्र, अजय, साहिल, मोहसिन, सलमान और अरसद को पकड़ कर 3100 रुपए, गोविंदपुरा पुलिस ने विकास और सोनू से एक हजार रुपए तथा कोलार पुलिस ने जुआ खेल रहे जीतेंद्र, आकाश, विकास, मुन्नालाल और विशाल को पकड़कर 680 रुपए और ताश पत्ते जब्त किए हैं।

# रिकवरी एजेंट के घर में घुसे बदमाश, परिजनों की मौजूदगी में ले गए नगदी व जेवर

## पुलिस कर रही आरोपियों की सरगर्मी से तलाश

**भोपाल।** छोला मंदिर थाना क्षेत्र स्थित शिव नगर फेस थ्री में केनरा बैंक के रिकवरी एजेंट के घर में घुसकर बदमाश नगदी व सोने-चांदी के जेवरात समेत लाखों रुपए के माल पर हाथ साफ कर गए। घटना के समय परिवार के सदस्य घर में ही मौजूद थे। बैरसिया से लौटने के बाद रिकवरी एजेंट ने थाने आकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। फिलहाल आरोपियों का सुराग नहीं लग सका है। पुलिस के मुताबिक शिव नगर फेस थ्री निवासी धनराज सूर्या (37) केनरा बैंक के रिकवरी एजेंट हैं और बैरसिया क्षेत्र के रहने वाले हैं। विगत 30 अक्टूबर को वह किसी काम से बैरसिया चले गए थे जबकि परिजन घर में ही मौजूद थे। इस बीच देर रात अज्ञात बदमाश घर में घुसे और परिजनों की मौजूदगी में अलमारी में रखे 65 हजार रुपए नगद व सोने-चांदी के जेवरात चुरा ले गए। बैरसिया से लौटने के बाद रिकवरी एजेंट ने थाने जाकर प्रकरण दर्ज कराया है।

# 16 साल की नाबालिग से 50 साल के अधेड़ ने की अश्लील हरकत



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

सूखीसेवनिया थाना क्षेत्र में 16 साल की नाबालिग से 50 साल के अधेड़ द्वारा छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। आरोपी करीब एक साल से छात्रा का पीछा कर उसे परेशान कर रहा था। आरोपी से परेशान होकर उसने स्कूल जाना तक छोड़ दिया था। घटना की शिकायत शनिवार रात पहुंचकर परिजन ने कराई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ छेड़छाड़ और पाक्सो एक्ट की धाराओं में प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार 16 साल की किशोरी इलाके में रहती है। उसने शिकायत करते हुए बताया कि पड़ोस में रहने वाला 50 साल का अधेड़ करीब एक साल से उसे परेशान कर रहा है। दिसंबर 2023 और जुलाई 2024 में आरोपी अश्लील हरकत भी कर चुका है। वह डरी सहमी होने के कारण उसकी शिकायत नहीं कर रही थी। शिकायत नहीं होने से आरोपी के हौसले बुलंद हो गए और वह उसे स्कूल आते जाते परेशान करने लगा। आरोपी से डर सहमी पीड़िता ने स्कूल जाना भी बंद कर दिया था। शनिवार को पीड़िता ने अपनी बहन को आरोपी के बारे में जानकारी दी। परिजन उसे थाने लेकर पहुंचे और शिकायत दर्ज कराई।







**मेट्रो एंकर** | जहांगीराबाद इलाके का मामला, पुलिस ने दर्ज किया मामला

# पुराने विवाद के चलते दो युवकों से मारपीट



**भोपाल, दोपहर मेट्रो।**

जहांगीराबाद इलाके में पुराने विवाद के चलते दो युवकों से मारपीट के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों ही मामलों में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक राहुल महावर (23) बरखेड़ी जहांगीराबाद में रहता है और कारपेंटर का काम करता है। एक नवंबर की रात करीब साढ़े बारह बजे वह आइसक्रीम फैक्ट्री के पास अपने दोस्त से बातचीत कर रहा था, तभी अरुण अपने भाई हर्षित एवं दोस्त आकाश के साथ पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा। राहुल ने जब गाली देने से मना किया तो तीनों ने उसके साथ मारपीट कर दी। इधर अभिषेक साहू (29) बरखेड़ी जहांगीराबाद में रहता है और प्रायवेट काम करता है। एक नवंबर की रात करीब डेड़ बजे वह साहू समाज मंदिर के पास पहुंचा। वहां पहले से मौजूद सौरभ बच्चा ने पुरानी बात को लेकर उसके साथ गाली-गलौज कर दी। अभिषेक ने गाली देने से मना किया तो सौरभ ने दोस्तों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर लिया है।

### इधर, डॉक्टर के साथ युवकों ने की मारपीट

**भोपाल।** ऐशबाग स्थित एक निजी अस्पताल के डॉक्टर के साथ इलाज कराने पहुंचे युवकों ने मारपीट कर दी। पुलिस के मुताबिक जमुना प्रसाद एक प्रायवेट अस्पताल में डॉक्टर हैं। दीपावली की रात वह ड्यूटी पर थे। रात करीब पौने दो बजे राहुल नामक युवक अस्पताल पहुंचा था, जिसके सिर पर चोट लगी थी। डाक्टर ने प्राथमिक इलाज करने के बाद उसे छुट्टी देते हुए दूसरे शासकीय अस्पताल जाने का बोला तो वह नहीं गया। राहुल का कहना था कि वह रात में वहीं पर रुकेगा। कुछ देर बाद डॉक्टर जमुना प्रसाद ओपीडी से उठकर दूसरे रूप में चले गए तो राहुल और उसका साथी भी पहुंच गए। डाक्टर ने जब उन्हें जाने का बोला तो दोनों गाली-गलौज करने लगे। गाली देने से मना करने पर दोनों ने डॉक्टर के साथ झूमाझटकी करते हुए मारपीट कर दी। इस दौरान डाक्टर का मोबाइल भी गिरकर टूट गया। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक **राजेश सिरोठिया** द्वारा पी जी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड,करोंद-भानपुर बाइपास विलेज रासलाखेड़ी भोपाल से मुद्रित तथा ए-182 मनीषा मार्केट शाहपुरा भोपाल से प्रकाशित। **प्रधान संपादक राजेश सिरोठिया**
**संपादक आशीष दुबे*** आर एन आई पंजीयन क्रमांक एमपी एचआईएन/2016/68849 ( *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार) **फोन :** 0755-4917524, 2972022